दिन– बुधवार दिनांक– 28 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि:– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। श्री मोदी पटना और रोहतास के बिक्रमगंज में कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार ने रेलवे नेटवर्क के विस्तार के लिए केन्द्र को पत्र भेजा। बौद्ध सर्किट कॉरिडोर समेत छह रेल परियोजनाओं का भेजा गया है प्रस्ताव।

03. दरभंगा की एमपी–एमएलए अदालत ने अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव को एक और मामले में दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

04. और, मौसम विभाग ने आज से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी का जताया पूर्वानुमान।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री मोदी अपने दौरे के क्रम में पटना और रोहतास जिले के बिक्रमगंज में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कल प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का उद्घाटन और प्रस्तावित बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे।

———बाइट———

डॉक्टर जायसवाल ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक रोड शो का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि रोड शो के मार्ग में अलग–अलग बत्तीस स्थानों पर स्वागत मंच बनाया जा रहा है।

———बाइट———

तीस मई को प्रधानमंत्री रोहतास के बिक्रमगंज में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिक्रमगंज में होने वाली जनसभा को लेकर तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियो को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि बिहार पुलिस हाई अलर्ट पर है। उन्होंने बताया

कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुदृढ़ और त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पटना में तीन सौ पदाधिकारी और एक हजार आठ सौ जवानों की तैनाती की जायेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने रेलवे नेटवर्क के विस्तार के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया है। मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने इस संबंध में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को एक पत्र भेजा है। श्री मीणा ने बताया कि सरकार की ओर से रेलवे बोर्ड को छह प्रस्ताव भेजे गये हैं। इनमें बौद्ध सर्किट रेल कॉरिडोर से लेकर नए रेल पुल, दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार उपनगरीय परिवहन नेटवर्क जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।

———————————————————————

दरभंगा की एमपी—एमएलए अदालत ने अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव को मार—पीट और अभद्र व्यवहार करने के मामले में दो वर्ष कैद और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने पर एक माह की साधारण कैद भी भुगतनी होगी। कोर्ट ने मामले में सह अभियुक्त सुरेश यादव को भी दो वर्ष कैद और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने एक अन्य मामले में पिछले दिनों दोनों की तीन—तीन महीने कैद की सजा को बरकरार रखने का फैसला सुनाया था। दोनों सजाएं अलग—अलग चलेंगी। इस तरह दोनों को अब दो वर्ष तीन महीने की सजा भुगतनी होगी। भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव को अदालत से दो साल की सजा मिलने के बाद अब उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त होना तय माना जा रहा है। जनप्रतिधित्व कानून के तहत दो साल या इससे अधिक की सजा मिलने पर सदस्यता खत्म कोने का प्रावधान है। विधानसभा सचिवालय को अदालती फैसले की सूचना प्राप्त होने के बाद इस पर कार्यवाही होगी।

———————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत डी.एम.के. सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीस पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने यहां वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता के भारत के नए मानकों पर जोर दिया। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने पाकिस्तान के इरादों और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय तक पहुंचने के लिए तैंतीस वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है। इस समूह में राजद के प्रेम चंद गुप्ता समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और राजदूत शामिल हैं।

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में बिहार की चार समेत देशभर की सत्तावन हस्तियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। वहीं, आचार्य किशोर कुणाल, भीम सिंह भवेश, और डॉक्टर हेमंत कुमार को पद्मश्री प्रदान किया गया।

————————————————————————

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान और वयवंदना कार्ड बनाने के लिए चल रहे विशेष अभियान की अवधि तीस मई तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह विशेष अभियान आज तक निर्धारित था।

————————————————————————

प्रदेश में एक बार फिर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, आज राज्य के पूर्वी हिस्से में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश की सम्भावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है।

———बाईट———

————————————————————————

राजस्व विभाग पूर्णियां और कोसी प्रमंडल के सभी जिलों पूर्णियां, कटिहार, अररिया, किशनगंज, सहरसा, सुपौल और मधेपुरा का गजेटियर–कम एटलस ऑफ वाटर बॉडीज प्रकाशित करेगा। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने इन गजेटियरों की पांडुलिपि निमार्ण योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गजेटियर राज्य में जल संरक्षण और बाढ़ प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। श्री सिंह ने बताया कि पटना और दरभंगा जिले के गजेटियर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

————————————————————————

अराजकीय संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक–शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन मद में दो सौ उन्नीस करोड़ उनहत्तर लाख की राशि सहायक अनुदान के रूप में स्वीकृत की गई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए स्वीकृत राशि में से बहत्तर करोड़ उनचार लाख सतहत्तर हजार रुपये तत्काल जारी कर दिये

गए हैं। उन्होंने बताया कि यह राशि सीधे शिक्षकों और कर्मचारियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी।

———————————————————————————

कृषि विभाग पटना के दीघा के दूधिया मालदह का दूसरे जिलों में भी क्षेत्र विस्तार करेंगा। उद्यान निदेशालय से प्रत्येक जिलों को दूधिया मालदह के दो–दो सौ पौधे भेज जायेंगे। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि विभाग दूधिया मालदह को जीआई टैग दिलाने पर भी काम कर रहा है।

———————————————————————————

राज्य के बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए आज प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। नोडल विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने बताया कि परीक्षा के लिए राज्यभर में कुल दो सौ चौदह केन्द्र बनाये गये हैं। इस वर्ष बीएड और शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए एक लाख इकतीस हजार छह सौ तेरह अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले में मैथिल ब्राह्मणों के लिए आयोजित होने वाले पारंपरिक विवाह मेला– सौराठ मेले की आज से शुरूआत हो रही है। स्थानीय जानकार मोहन झा ने बताया कि यह मेला छह जून तक चलेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने जहानाबाद जिला शिक्षा कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक लक्ष्मण यादव को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी एक सेवानिवृत्त शिक्षक से वेतन, पेंशन और पीएफ भुगतान के एवज में घूस ले रहा था।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने पटना के जिला शिक्षा अधिकारी संजय कुमार को निलंबित कर दिया है। उनपर पूर्वी चम्पारण जिले का डीईओ रहते हुये भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। आरोपों सही पाये जाने के बाद निलंबन की कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————————

छपरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के प्रभुनाथ नगर में अपराधियों ने दो लोगों की गोलीमार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आपसी विवाद को हत्या का कारण बताया है।

———————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के आदापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रक्सौल–घौड़ासहन केनाल पथ पर सड़क हादसे में सास, बहू और पोती की मौत हो गयी।

—————————————————————

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र से एसआईटी की टीम ने बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले साईबर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज के बौसीं स्थित नंदनपुर पंचायत के वार्ड–संख्या बारह में मंगला धार में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई।

—————————————————————

पटना के बेऊर थाना क्षेत्र के महावीर कॉलोनी स्थित एक फ्लैट में पुलिस ने छापेमारी कर दस हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। इनके पास से दस पिस्टल और अठारह मैगजीन समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

—————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पटना में एम्स के डॉक्टर और नर्स समेत छह कोरोना संक्रमित। राजधानी पटना में अब तक नौ कोरोना संक्रमित मिले।

दैनिक जागरण ने लिखा है– वायु शक्ति बढ़ाने को पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनायेगा भारत।

दैनिक भास्कर लिखता है– भारत–नेपाल बॉर्डर पर लगातार दूसरे दिन दिखी ड्रोन जैसी चमकीली चीज, सुरक्षा एजेंसी अलर्ट।

प्रभात खबर की सुर्खी है– कल पटना में पीएम करेंगे रोड़–शो, नहीं होगा किसी पार्टी का बैनर।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– आईटीआर भरने की तारीख पन्द्रह सितम्बर तक बढ़ी।

आज अखबार लिखता है– तीस मई तक बनवा सकेंगे आयुष्मान कार्ड और वयवंदना कार्ड।

—————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। श्री मोदी पटना और रोहतास के बिक्रमगंज में कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार ने रेलवे नेटवर्क के विस्तार के लिए केन्द्र को पत्र भेजा। बौद्ध सर्किट कॉरिडोर समेत छह रेल परियोजनाओं का भेजा गया है प्रस्ताव।

03. दरभंगा की एमपी–एमएलए अदालत ने अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव को एक और मामले में दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

04. और, मौसम विभाग ने आज से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी का जताया पूर्वानुमान।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।